केंद्रीय विद्यालय

**अर्धवार्षिक परीक्षा** 2017-18

कक्षा – 4 वर्ग ........ समय - 3 घंटे

छात्र/छात्रा का नाम_____________ अनुक्रमांक ........... दिनांक ..........................

पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर ......................... परीक्षक के हस्ताक्षर....................

| कौशल | पढ़ना | लिखना गद्य/पद्य | व्याकरण | सृजनात्मक लेखन | वर्तनी | सुलेख | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पूर्णांक | 20 | 15 | 15 | 15 | 10 | 5 | 80 |
| प्राप्तांक | | | | | | | |
| ग्रेड | | | | | | | |

प्रश्न-1) पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो। **( 10 अंक)**

एक राजा था। राजा जी लकदक कपडे पहनते थे। राजा अपने कपडों और महल की सजावट पर तो हज़ारों रुपए खर्च कर देते थे, पर दान के वक्त उनकी मुट्टी बंद हो जाती थी। राजसभा में एक से एक नामी लोग आते रहते थे ,लेकिन गरीब,दुखी,विद्वान और सज्जन इनमे से कोई भी नहीं आता था क्योंकि वहाँ पर इनका बिल्कुल भी सत्कार नहीं होता था।

एक बार देश की पूर्वी सीमा में अकाल पड़ गया। राजा के पास खबर आई। खबर मिलने पर राजा बोला,"यह तो भगवान की मार हैं , इसमें मेरा कोई हाथ नहीं है।" लोगो ने राजभंडार से सहायता करने की प्रार्थना की। राजा ने कहा की अकाल, भूकम्प या गरीबी आने पर सहायता करने पर राजभंडार खत्म हो जाएगा। यह सुनकर सभी निराश होकर लौट गए।

1) राजा किन चीजों पर हजारो रुपए खर्च कर देते थे ?

उत्तर -.........................................................................................................................

2) " दान के वक्त उनकी मुट्टी बंद हो जाती थी।" का अर्थ है _ (√ ) का निशान लगाओ।

अ) राजा बहुत दान करता था। ( )

ब ) राजा दान देते वक़्त बहुत कंजूसी करता था। ( )

3) राजसभा में कौन लोग आते रहते थे ?

उत्तर -.........................................................................................................................

4) राजसभा में गरीब,दुखी,विद्वान और सज्जन लोग क्यों नहीं आते थे ?

उत्तर -.........................................................................................................................

.........................................................................................................................................

5) एक बार देश की किस सीमा में अकाल पड़ गया ? (√ ) का निशान लगाओ।

अ) दक्षिणी ( ) ब) पूर्वी ( ) स) उत्तरी ( )

6) अकाल की खबर मिलने पर राजा ने क्या जवाब दिया ?

उत्तर- ...........................................................................................................................

...........................................................................................................................

7) ' विनती ' शब्द के अर्थ पर गद्यांश में गोला लगाओ ।

8) लिंग बदल कर लिखो । रानी -.....................

9) किसके पास खबर आई ?

उत्तर -.............................................................................................................

10) राजा जी कैसे कपडे पहनते थे ?

उत्तर -.............................................................................................................

प्रश्न-2)अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो ।

लाल रंग की एक तितली फूलों पर मंडरा रही थी । किट्टी बिल्ली अपना होमवर्क खत्म कर बाहर निकली ही थी कि उसकी नज़र उस तितली पर पड़ी ।

किट्टी फूलों के बीच छिप गई । वह इतनी छोटी थी कि पता ही नहीं चल रहा था कि वहाँ कोई बिल्ली छिपी है । तितली रानी आराम से हवा में गोते लगा रही थी । बीच-बीच में वह फूल पर बैठ कर उस का पराग निकाल लेती ।

किट्टी तो उसे परेशान करना चाहती थी । जैसे ही तितली एक फूल पर बैठी, किट्टी उस पर उछल पड़ी । लेकिन तितली फुर्र से उड़ गई । किट्टी गुलाब के पौधों पर गिरी , कांटे उस के शरीर में चुभ गए ।

1) किस रंग की तितली फूलों पर मंडरा रही थी ?

उत्तर - .............................................................................................................................

2) किट्टी बिल्ली क्या करके बाहर निकली थी ?

उत्तर - .............................................................................................................................

3) किट्टी कहाँ छिप गई ?

उत्तर - .............................................................................................................................

4) तितली रानी आराम से क्या कर रही थी ?

उत्तर- .............................................................................................................................

5) तितली फूल पर बैठकर क्या निकाल लेती ?

उत्तर - .............................................................................................................................

6 ) सही शब्द पर गोला लगाओ ।

अ) परेसान ब) परेशान स) परेशन

7) योजक चिन्ह वाले शब्द पर गद्यांश में गोला लगाओ ।

8) बहुवचन लिखो ।

तितली - ...............................................

9) किट्टी बिल्ली कहाँ गिरी ?

उत्तर - .............................................................................................................................

10) गद्यांश को कोई शीर्षक दो ।

उत्तर -.............................................................................................................................

## ( गद्य - पद्य ) ( 15 )

1) पापा के पापा को दादा कहते है । इन्हें तुम अपने घर में क्या कहकर बुलाओगे ?

i) पापा के माँ - .................... iii) माँ के पापा- ......................

ii) पापा के छोटे भाई - ..................... iv) माँ की माँ - .....................

2) राजसभा में सज्जन और विद्वान लोग क्यों नहीं जाते थे ?

उत्तर- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

3) बादल किन - किन रंगों के होते हैं ?

उत्तर- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

4) दुबक कर कौन चट कर गया ?

उत्तर- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

5) एक बार देश में क्या पड गया ?

उत्तर- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

6) किसकी गुल्लक भारी है ?

उत्तर- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

7) बूंदों और लहरों से लड़ते हुए कौन आगे बढ़ रही है ?

उत्तर- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

8) किसकी गुल्लक हल्की है ?

उत्तर- ..........................................................................................................................

9) बादशाह अकबर किसे पसंद करते थे ?

उत्तर- ..........................................................................................................................

10) नसीरुद्दीन के पुराने दोस्त का नाम क्या था ?

उत्तर- ..........................................................................................................................

## ( व्याकरण ) (15)

1) शब्दों को उनके विलोम से मिलाओ ।

| | |
|---|---|
| सवाल | झूठ |
| पसंद | जवाब |
| सच | नापसंद |

2) मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग -

१.छक्के छूटना - ----------------------------------------------------------------------

वाक्य - ........................................................................................

........................................................................................

२.नाक - भौंह सिकोडना - ---------------------------------------------------------------------------------

वाक्य - ....................................................................................

....................................................................................

३.चित्र देखकर मुहावरा लिखो -



-----------------------------------------------------------------

3)पुल्लिंग से स्त्रीलिंग में बदलों -

१. नाग - ............................
२. बालक - .............................
३. शेर - .............................

4) बताओ इन्हें क्या कहेंगे -

१. जिस झंडे में तीन रंग हो ............................
२. जिस जगह पर चार राहें मिलते हो ...............................
३. जिस स्कूटर में तीन पहियें हो ...............................

5) नीचे दिए हुए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो |

आँख = ------------------------ -------------------------
घर = ------------------------ -------------------------
सूर्य = -------------------------- --------------------------

सृजनात्मक लेखन (15)

1) नाव का चित्र बनाओ। मान लो तुम एक नाव हो। अब अपनी कहानी लिखो।

उत्तर..............................................................................................................................................................................................................

..................................................................................................................................................................................................................

..................................................................................................................................................................................................................

..............................

..............................................................................................................................................................................

2) अपने प्राचार्य जी को अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखो।

..................................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

विषय - ...............................................................................................................................................................

महोदय,

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

3) अपने मनपसंद खिलौने का चित्र बनाकर उसके बारे में लिखो -

..............................................................................................................................................................................

.............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

......................................................................................................................

......................................................................................................................

......................................................................................................................

**( वर्तनी )  (10)**

1) शब्द के सही रूप पर गोला ⬭ बनाओ|

1) इंजन  इजंन

2) संन्यासी  संयासी

3) विद्याली  विद्यालय


2) गलत मात्रा वाले शब्द पर गलत ( X ) का निशान लगाओ।


चौकीदार  चोकिदार

सैस्क्रीम  आइसक्रीम

रेलगाड़ी  रालगादी

3 ) नाम बताओ - ----------------------------





-------------------------------

4) शब्दों को पूरा करो -

अ..........नेता  (भि,ली)

न..........रूदीन  (सी,सि)

( सुलेख ) ( 5 )

नीचे लिखे गद्यांश को अपने सुंदर हस्तलेख में लिखो -

इन्द्रधनुष तब बनता है जब सूर्य का प्रकाश वर्षा की बूंदों में प्रवेश करता है और वापस प्रतिबिंबित होता है। वे सभी बूंदे जो सूर्य के प्रकाश को प्रतिबिंबित करती है और जो किरणें कोण बनाती है , उन्ही से इन्द्रधनुष बना हुआ दिखाई पड़ता है। यही वजह है कि आप सीधे तौर पर इन्द्रधनुष के नीचे खड़े नहीं हो सकते, और ऐसा लगता है जैसे यह आप के साथ चल रहा हो।

……………………………………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………………………………

………………………………………………………………………………………………………………